भूलो मत प्यारे बिहारी जी का नाम भजन लिरिक्स

भूलो मत प्यारे बिहारी जी का नाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम।bd।

bhulo mat pyare bihari ji ka naam lyrics

देखे – लिख दी मैंने कर दी मैंने।

बांके बिहारी की झांकी सुहानी,
महिमा महान जिनकी जाए ना बखानी,
द्वारे पे पड़े है देखो इनके चारों धाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम।bd।

बांके ठाकुर की बांकी ठकुरानी,
मुक्ति भी भरती है आ कर के पानी,
सुर मुनि सब इनको करते प्रणाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम।bd।

मंदिर में रहती है भीड़ बड़ी भारी,
दर्शन को आते है लाखो नर नारी,
सेवक है इनकी ये दुनिया तमाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम।bd।

भूलो मत प्यारे बिहारी जी का नाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम,
बांके बिहारी है सब सुख धाम।bd।

स्वर – श्री चित्र विचित्र जी महाराज।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com